वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

वित्तीय सेवाएं विभाग में जून, 2024 के दौरान महत्वपूर्ण घटनाक्रम निम्नानुसार हैं:-

i. पीएम विश्वकर्मा योजना की छठी राष्ट्रीय संचालन समिति की समीक्षा बैठक डीएफएस, एमएसएमई और एमएसडीई के सचिवों की सह-अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2024 को की गई।

ii. यूआईडीएआई, नाबार्ड, सिडबी, मुद्रा लिमिटेड, एनसीजीटीसी और सीईआरएसएआई के वरिष्ठ कार्यपालकों के साथ पीएसबी के प्रमुखों के साथ आयोजित एक अलग समीक्षा बैठक में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और पीएम सूर्य घर योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दिनांक 25.06.2024 को प्रगति की समीक्षा की गई थी।

iii. बैंकों, बीमा कंपनियों और क्षेत्र नियामकों के साथ ग्राहक शिकायत समाधान के बारे में एक बैठक दिनांक 11.06.2024 को आयोजित की गई और सभी संबंधितों को ग्राहक शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च महत्व देने का अनुदेश दिया गया।

iv. दिनांक 12.06.2024 को गूगल के साथ "वित्तीय धोखाधड़ी, उभरते रुझानों और शमन रणनीति" पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। गूगल द्वारा जोखिम कम करने के लिए अपनाए गए उपायों और धोखाधड़ी वाले ऋण आवेदनों को ब्लैक लिस्ट करने पर विचार किया गया।

v. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के वित्तीय कार्यनिष्पादन और प्रौद्योगिकी उन्नयन पर एक समीक्षा बैठक दिनांक 20.06.2024 को आयोजित की गई थी। इस बैठक में अध्यक्ष (नाबार्ड), प्रायोजक बैंकों के प्रमुखों और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि ने भी भाग लिया था।

vi. वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) को उपयोग के लिए 12,733.65 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी दी गई थी।

vii. अन्य नियमित उपायों और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का ब्यौरा इसके साथ संलग्न है।

संलग्न: यथोक्त

## वित्तीय सेवाएं विभाग के अन्य नियमित कार्यकलाप

1. **प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रगति :**

| योजनाएं | दिनांक 26.06.2024 की स्थिति के अनुसार उपलब्धियां (योजना को आरंभ किए जाने से लेकर) | वित्तीय वर्ष 2024-25 में वृद्धि (दिनांक 26.06.2024 की स्थिति के अनुसार) | जून, 2024 में वृद्धि (दिनांक 26.06.2024 तक) |
|---|---|---|---|
| **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)** | | | |
| ● पीएमजेडीवाई खातों की संख्या | 52.56 करोड़ | 61.73 लाख | 21.50 लाख (14.4 लाख ग्रामीण + 7.1 लाख शहरी) |
| ● जमाराशि | 2,28,638 करोड़ रुपए | (-3864.40) करोड़ रुपए | 2,118.56 करोड़ रुपए |
| ● रुपे कार्ड की संख्या | 35.70 करोड़ | 35.60 लाख | 10.52 लाख |
| **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)** | | | |
| ● नामांकन | 44.69 करोड़ | 88 लाख | 35 लाख |
| ● संवितरित दावों की संख्या | 1,39,374 | 4,801 | 1,970 |
| **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)** | | | |
| ● नामांकन | 20.32 करोड़ | 41 लाख | 15 लाख |
| ● संवितरित दावों की संख्या | 8,06,162 | 28,243 | 8,456 |
| **अटल पेंशन योजना (एपीवाई)** (30.06.2024) | 6.66 करोड़ | 22.42 लाख | 9.55 लाख |

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)**

| पीएमएमवाई | योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (दिनांक 28.06.2024 की स्थिति के अनुसार) | | वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ( 28.06.2024 तक) | | जून, 2024 के दौरान (28.06.2024 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खातों की संख्या (करोड़ में) | राशि (लाख करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या (करोड़ में) | राशि (लाख करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या (करोड़ में) | राशि (लाख करोड़ रुपए में) |
| शिशु | 38.98 | 11.07 | 0.57 | 0.21 | 0.12 | 0.05 |
| किशोर | 8.80 | 11.62 | 0.34 | 0.42 | 0.12 | 0.15 |
| तरूण | 1.00 | 7.10 | 0.03 | 0.27 | 0.01 | 0.11 |
| **कुल** | **48.78** | **29.79** | **0.94** | **0.90** | **0.25** | **0.31** |
| एससी/एसटी/ओबीसी (कुल में शामिल) | 24.57 | 10.42 | 0.52 | 0.33 | 0.12 | 0.09 |
| महिलाएं (कुल में से) | 33.14 | 13.21 | 0.64 | 0.36 | 0.21 | 0.13 |

**स्टैण्ड अप इंडिया (एसयूपीआई)**

| एसयूपीआई | योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (दिनांक 30.06.2024 तक की स्थिति के अनुसार) | | वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान (दिनांक 30.06.2024 तक की स्थिति के अनुसार) | | जून, 2024 के दौरान (दिनांक 30.06.2024 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खातों की संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) |
| अजा. | 40,002 | 8,549.38 | 1,969 | 482.38 | 1,280 | 301.81 |
| अजजा. | 13,424 | 2,895.47 | 704 | 162.59 | 450 | 99.71 |
| महिलाएं | 1,82,037 | 41,948.30 | 4,663 | 1,176.56 | 2,717 | 672.83 |
| **कुल** | **2,35,463** | **53,393.15** | **7,336** | **1,821.53** | **4,447** | **1,074.35** |

2. **किसान क्रेडिट कार्ड विशेष परिपूर्णता अभियान:** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के अंतर्गत पीएम- किसान लाभार्थियों, डेयरी किसानों और मछुआरों सहित किसानों को केसीसी के माध्यम से रियायती ऋण उपलब्ध कराया जाता है। बैंकों और अन्य हितधारकों द्वारा किसानों को किफायती ऋण प्रदान करने की दिशा में निरंतर और संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप, 28 जून, 2024 की स्थिति के अनुसार, 6,61,746 करोड़ रुपए की स्वीकृत ऋण सीमा के साथ केसीसी योजना के अंतर्गत 525.11 लाख किसानों (पशुपालन और डेयरी किसानों तथा मछुआरों सहित) को शामिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। विगत वर्षों में केसीसी लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए कई अभियान चलाए गए हैं। 21 जून, 2024 की स्थिति के अनुसार, 2,48,613 शिविर लगाए गए हैं और इस विशेष साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत कुल 36,18,854 केसीसी स्वीकृत किए गए हैं।

3. **अकाउंट एग्रीगेटर:** दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार, 60 वित्तीय संस्थाओं (एफआई) ने वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) के रूप में, 353 एफआई ने वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) के रूप में तथा 94 एफआई ने एफआईपी तथा एफआईयू दोनों के रूप में कार्य करना आरंभ किया है। 2.12 बिलियन पात्र बैंक खातों (जिसमें 1.64 बिलियन बैंक खाते शामिल हैं) में से लगभग 77.27 मिलियन उपयोगकर्ताओं ने अपने खाते को एए ढांचे से संबद्ध किया है।

4. **पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि):** दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार 12,200.19 करोड़ रुपये की राशि के कुल 89.68 लाख ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 85.80 लाख ऋण आवेदनों में 11,593.10 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है।

5. **खातों को आधार से जोड़ना:** दिनांक 28.06.2024 की स्थिति के अनुसार, 171.52 करोड़ कासा खातों में से 150.01 करोड़ खातों (87.5%) को आधार से जोड़ दिया गया है।

6. **पीएमजेडीवाई खाताधारकों को बीमा कवरेज:** पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 6.32 करोड़ और 15.47 करोड़ पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है जिनमें से जून, 2024 के दौरान पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 2.14 लाख और 5.74 लाख पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है।

******